RAF SECTOR
NEWS CLIP
27/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika, Swain Madhopur, (Raj)

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को किया सम्मानित

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को माला पहनाकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

बस्सी. सवाईमाधोपुर में प्लाटून परिचय अभ्यास पूर्ण होने के बाद जयपुर गंगापुर स्टेट हाइवे होते हुए जयपुर जा रही 83 रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कस्बा के सारण तिराहा पर जवानों का सामाजिक कार्यकर्ता गिर्राज प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में चाय, पानी व अल्पाहार कराया। कार्यकर्ताओं ने सहायक कमांडेंट सरवन लाल मीणा समेत अन्य जवानों को माला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद वे वहां से जयपुर के लिए रवाना हुए। जवानों ने सम्मानित करने पर बस्सी क्षेत्र के लोगों का आभार जताया।

Rajasthan Patrika, Bamanwas, (Raj)

बामनवास में आरएएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

बामनवास। थाने से फ्लैग मार्च के लिए रवाना होती आरपीएफ बटालियन।

बामनवास। रेपिड एक्शन फोर्स की 83वीं बटालियन ने बुधवार को बामनवास थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जाकर फ्लैग मार्च किया। रेपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह तथा सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीणा के नेतृत्व में प्लाटून ने बामनवास थानाधिकारी बृजेश मीणा के साथ मिलकर बामनवास थाना क्षेत्र के संवेदनशील अतिसंवेदनशील स्थानों, मुख्य बाजारों में पहुंचकर फ्लैग मार्च किया। रेपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीणा ने बताया कि परिचय अभ्यास का उद्देश्य सांप्रदायिक तनाव का दंगा स्थिति के घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किस प्रकार किया जाए ताकि विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शांति व्यवस्था बनाने में त्वरित मददगार साबित हो सके। इसी उद्देश्य को लेकर ये परिचय अभ्यास किया गया है। परिचय अभ्यास के दौरान निरीक्षक घनश्याम मीणा, प्रमोद कुमार यादव, मुकुट बिहारी जोरवाल के अलावा अतिरिक्त बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

100BN FAM-EX DUTY U/PS RAKHIYAL & KRISHNANAGAR, AHMEDABAD, (GUJARAT)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।